मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर

क्रमांक : मोलासुविवि / उपाधि / दीक्षान्त समारोह / 2024 / 1584

दिनांक : 20 / 09 / 2024

दीक्षान्त समारोह अधिसूचना

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा वर्ष 2023 की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए उपाधिधारियों के लिए 32वां दीक्षान्त समारोह **3 अक्टूम्बर, 2024** (गुरूवार) को आयोजित होना प्रस्तावित है। इस समारोह में डॉक्टर आफ फिलॉसफी (Ph.D.) उपाधिधारियों वाईवा–वोसी दिनांक (31 जुलाई 2024) तक को उपाधियाँ एवं स्वर्ण पदक धारकों को उपाधि एवं स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेगें।

जो भी उपाधिधारी उक्त समारोह में उपाधि एवं स्वर्णपदक प्राप्त करने के इच्छुक हों, वे दिनांक **21.09.2024 से 26.09.2024** तक समारोह में उपस्थित होने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.mlsu.ac.in** पर **Convocation Modual** पर ऑनलाईन आवेदन मय आवेदन शुल्क रू. 500.00 से आवेदन किया जाना सुनिश्चित करे। **निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आवेदनो पर किसी प्रकार का विचार नही किया जायेगा।** समारोह के दिन उपाधिधारी पर्यावरण विभाग भवन, विश्वविद्यालय परिसर में पंजीकरण कर बेज प्राप्त कर सभागार में अपना निर्धारित स्थान ग्रहण कर लेवें।

नोट :–

1. डॉक्टर आफ फिलॉसफी उपाधिधारियों को जिनका वाईवा–वोसी दिनांक **18.12.2023** से **31.07.2024** तक हो चुका हो उनको उपाधियाँ प्रदान की जायेगी।
2. **स्वर्ण पदक उपाधि धारक अंतिम वर्ष (Final Year) के अनुक्रमांक / Enroll No. द्वारा एवं डॉक्टर आफ फिलॉसफी (Ph.D.) के उपाधि धारक मोबाइल न. द्वारा ऑनलाईन आवेदन कर सकेगे।**
3. डॉक्टर आफ फिलॉसफी / स्वर्ण पदक धारको को दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने के लिये निर्धारित पोशाक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते समय विश्वविद्यालय सभागार में प्रवेश करने हेतु प्रवेश पत्र दिया जावेगा बिना प्रवेश पत्र के, बिना निर्धारित पोशाक के तथा दीक्षांत समारोह की गरिमा बनाये रखने के क्रम मे छोटे बच्चों का प्रवेश पूर्णतया वर्जित होगा।
4. दीक्षान्त समारोह के दिनांक एवं समय में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सूचना (यदि हुई तो) विश्वविद्यालय वेबसाइट तथा समाचार पत्रों में प्रकाशित की जायेगी।
5. **डिग्री / मेडल प्राप्त करने वाले विधार्थी की पोशाक :**
   पुरूष – खादी कपड़े का सफेद कलर का कुर्ता–पायजामा / खादी कपड़े का पेन्ट–शर्ट / धोती–कुर्ता एवं काले जूते।
   महिला – खादी सफेद साड़ी मय लाल बोर्डर व लाल ब्लाऊज / सफेद सलवार–सूट मय लाल चुन्नी / दुपट्टा एवं काले सेन्डिल / स्लिपर।
6. दीक्षान्त समारोह से सम्बन्धित सूचना एवं समारोह में उपस्थित होने की लिखित सूचना के Online आवेदन का प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर व्यक्तिरूप से उपाधि शाखा में मय पासपोर्ट फोटोग्राफ के साथ जमा कराया जाना सुनिश्चत करे। **इस सम्बन्ध में अन्य आगामी सभी सूचनाओं की जानकारी के लिये समय–समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाईट का अवलोकन करे। दीक्षान्त समारोह से संबंधित कोई भी सूचना अलग से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगी।**
7. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के अधिष्ठाता / प्राचार्य से निवेदन है कि उपरोक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट से डाउनलोड कर अपने – अपने महाविद्यालय के सूचनापट्ट पर प्रदर्शित करें।
8. दीक्षांत समारोह में आने–जाने हेतु कोई भी यात्रा भत्ता एवं अन्य किसी भी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित :–

1. अधिष्ठाता, विश्वविद्यालय विज्ञान महाविद्यालय / विश्वविद्यालय सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय / विश्वविद्यालय वाणिज्य एवं प्रबन्ध अध्ययन महाविद्यालय / विश्वविद्यालय विधि महाविद्यालय, उदयपुर।
2. निदेशक, प्रबन्ध अध्ययन संकाय / कम्पयुटर सेन्टर।
3. वित्त नियंत्रक / परीक्षा नियंत्रक / विश्वविद्यालय अभियन्ता / ऑफिसर इंचार्ज, इलक्ट्रिक सेल, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर।
4. उप–कुलसचिव परीक्षा / वरिष्ठ लेखाधिकारी / अनुभाग अधिकारी, परीक्षा / गोपनीय / बैठक / सामान्य / स्थापना शाखा / SUMS, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर।
5. प्राचार्य, विश्वविद्यालय सम्बद्ध महाविद्यालय।
6. कुलपति के निजी सचिव / अतिरिक्त निजी सचिव, कुलसचिव, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर।
7. निदेशक कम्प्युटर सेन्टर / इन्टरनेट सेन्टर / हेल्पलाइन, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर जारी करने हेतु।

उप कुलसचिव
(उपाधि)